Std. IV

Hindi Lang.

क्रिया

प्रश्न 1.क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर -- जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए ,उसे क्रिया कहते हैं ।जैसे - खाना ,सोना पढ़ना आदि ।

प्रश्न 2.क्रिया के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ।

उत्तर -- क्रिया के दो भेद होते हैं - 1.सकर्मक क्रिया 2.अकर्मक क्रिया

परिभाषा

1.सकर्मक क्रिया- जिस वाक्य में क्रिया के साथ कर्म हो, वैसी क्रिया सकर्मक कहलाती है। जैसे - श्याम पुस्तक पढ़ता है ।वह गेंद से खेलता है।

2. अकर्मक क्रिया -- जिस वाक्य में क्रिया के साथ कर्म नहीं हो ,वैसी क्रिया अकर्मक कहलाती है । जैसे -- श्याम पढ़ता है। वह खेलता है।

प्रश्न निम्नलिखित वाक्यों में यह बताएँ कि क्रिया सकर्मक है या अकर्मक :

(क) मैं खाना खा रहा हूँ। - सकर्मक क्रिया

(ख)तुम दूध पी लो और सो जाओ -- सकर्मक क्रिया

(ग) माँ खाना पका रही है। -- सकर्मक क्रिया

(घ) कुत्ता भाग रहा है । -- अकर्मक क्रिया

(ङ) मैं पानी पीता हूँ । -- सकर्मक क्रिया

(च) मैंने कहानी पढ़ ली है । -- सकर्मक क्रिया

(छ) उसने मुझे रोटी दी । -- सकर्मक क्रिया

(ज) वह लिखता है।-- अकर्मक क्रिया

(झ) पंखा चलता है । -- अकर्मक क्रिया

(ञ) चिड़िया उड़ती है। --अकर्मक क्रिया